SYBA

25/4/18
2 to 5
pages-2

Q.P. Code: 33663

Hin II

अंक : १००

समय : ३ घंटे

(30)

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए | प्रश्नों के अंक उनके सामने अंकित हैं |

प्रश्न : १ : निम्नलिखित अवतरणों की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिये : : २७

(अ) "वाह ! खूब है !! यहाँ तो सभी नम्बर एक ही होना चाहते हैं | कोई किसी से भी दबने को तैयार नहीं | पर, मेरे बेवकूफ साथियों, तुम लोग यह क्यों भूल जाते हो कि तुममे से किसी में भी यह सामर्थ्य नहीं कि कोई भी नम्बर एक बन सके |"

अथवा

"तू सुविधाजीवी, डरपोक और भगेड़ू है | क्षण भर के सुख के लिए तू अपना भविष्य तो चौपट कर सकता है, मगर अपनी जीभ नहीं हिला सकता | तू सिर्फ पीछे चलना जानता है, आगे नहीं | तू जयजयकार तो कर सकता है, मगर विरोध नहीं | "

(आ) कंस – हम जन्म से ही कुछ ऐसे हैं | हम सदा ही सपने देखते हैं, उस संसार के जिसमे बर्बरता नहीं होगी | सब समान होंगे | मनुष्य में मनुष्य के लिए करुणा होगी | ममता होगी, मेरी एकांत – संगिनी वीणा का संगीत होगा | सुगंध और फूल होंगे |

अथवा

स्वाति - मैं माँ भी तो हूँ, मेरे अन्दर की प्रेमिका मेरे मातृत्त्व की अवहेलना तो नहीं कर सकती | फिर कंस, मैं थक गई हूँ | तुम्हारा साथ न छूट जाए, इस भय से सत्ता की दौड़ में तुम्हारे पीछे – पीछे भागती रही |

(इ) पर आँखों की यह चमक ज्यादा देर नहीं टिक पाती | कूडन को लगता है कि देर-सबेर राजा तक यह बात पहुँच ही जायेगी और तब पारस छिन जाएगा |

अथवा

पानी का प्रबंध, उसकी चिंता हमारे समाज के कर्त्तव्य – बोध के विशाल सागर की एक बूँद थी | सागर और बूँद एक दूसरे से जुड़े थे | बूँद अलग हो जाएँ तो न सागर रहे, न बूँद बचे |

प्रश्न : २ : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : : ३६

(क) 'जंगल तन्त्रम' उपन्यास के कथ्य पर प्रकाश डालिए |

अथवा

'जंगल तन्त्रम' उपन्यास में लेखक ने जंगली जानवरों के माध्यम से भारतीय जनतंत्र के यथार्थ पर किस प्रकार व्यंग्य किया है ?

(ख) 'कथा एक कंस की' नाटक तानाशाह शासकों के विनाश को किस प्रकार स्पष्ट करता है

अथवा

'कथा एक कंस की' नाटक के कंस के चरित्र पर प्रकाश डालिए |

(ग) 'संसार सागर के नायक' निबंध के आधार पर 'गजधर' वर्ग की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ?

अथवा

5110CDD1DBA55045FFAB607A734B8A28

'मृगतृष्णा झुठलाते तालाब' निबंध के आधार 'घडसीसर' और 'अमर सागर' नामक तालाबों की जानकारी दीजिये |

प्रश्न:३: निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए : : १२

'जंगल तन्त्रम' उपन्यास के 'सिंह' की प्रतीकात्मकता और उसकी विशेषताएँ बताइए |

अथवा

'कथा एक कंस' की नाटक में वर्णित सामान्य जनता की समस्याओं पर प्रकाश डालिये |

अथवा

'सागर के आगर' पाठ में लेखक ने तालाब के किन- किन हिस्सों की क्या उपयोगिता बताई है ?

प्रश्न : ४ : निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए : : १५

(च) जंगल तन्त्रम का नाग

अथवा

जंगल तन्त्रम का मोर

(छ) स्वाती का चरित्र

अथवा

प्रलंब का चरित्र

(ज) 'सहस्रनाम' में वर्णित तालाबों के विविध नाम

अथवा

'तालाब बाँधता धरम सुभाव' की प्रथा

प्रश्न : ५ : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए : : १०

१- 'जंगल तन्त्रम' के गणेश जी अपने माता-पिता के पास देर से क्यों पहुँचे ?

२- जंगल तन्त्रम का गिरगिट किसका प्रतीक है ?

३- जंगल तन्त्रम कितनी रातों की कहानी है ?

४- कंस और उग्रसेन के बीच क्या सम्बन्ध था ?

५- अस्ति किस देश की राजकुमारी थी ?

६- देवकी के पिता का नाम बताइए ?

७- जरासंध किस देश का राजा था ?

८- आज भी खरे हैं तालाब के लेखक का नाम बताइए ?

९- कूडन के कुल कितने भाई थे ?

१०-तालाब के किस अंग को आगौर कहते हैं ?

****

5110CDD1DBA55045FFAB607A734B8A28